भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 2399

गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

परियोजना ईशान का कार्यान्वयन

2399. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) परियोजना ईशान की वर्तमान कार्यन्वयन स्थिति क्या है तथा इस संबंध में अब तक क्या प्रमुख उपलब्धियां हासिल की गई हैं;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत पहले से ही कितने प्रतिशत भारतीय हवाई क्षेत्र को एकीकृत किया जा चुका है;

(ग) उक्त परियोजना के पूर्ण कार्यान्वयन की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(घ) उक्त परियोजना के लिए आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) अब तक उक्त धनराशि का कितना प्रतिशत उपयोग किया गया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ङ): परियोजना ईशान (भारतीय एकल आकाश सामंजस्यपूर्ण वायु यातायात प्रबंधन, संभवतः नागपुर में) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की एक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में चार उड़ान सूचना क्षेत्रों (एफआईआर) को एक सतत हवाई क्षेत्र में एकीकृत करके वायु यातायात प्रबंधन (एटीएम) को सुव्यवस्थित करना है। परियोजना वर्तमान में अवधारणा चरण में है, और इसका कार्यान्वयन व्यवहार्यता और लाभप्रद्धता मूल्यांकन पर निर्भर है।

*****